भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 561

दिनांक 23.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय प्रवासी समुदाय का कल्याण एवं सुरक्षा

561 श्री रविचंद्र वद्दीराजूः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत दो वर्षों के दौरान विदेशों में कार्यरत अथवा अध्ययनरत कितने भारतीय नागरिकों ने श्रम संबंधी शोषण अथवा सुरक्षा संबंधी मुद्दों के संबंध में भारतीय दूतावासों के समक्ष शिकायतें दर्ज कराई हैं;

(ख) विदेशों में संकटग्रस्त भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए उपलब्ध संस्थागत सहायता तंत्रों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या विदेशों में कार्यरत भारतीय ब्लू-कॉलर कामगारों के अधिकारों के संरक्षण हेतु हाल ही में कोई द्विपक्षीय समझौते किए गए हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ग) विदेश स्थित भारतीय मिशनों / केंद्रों के पास उपलब्ध जानकारी के आधार पर, पिछले दो वर्षों में शोषण या सुरक्षा संबंधी मुद्दों के बारे में विदेशों में रहने वाले भारतीय कामगारों और छात्रों से प्राप्त शिकायतों के आंकड़े अनुबंध - I और अनुबंध – II में दिए गए हैं।

भारत सरकार विदेशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्हें किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर भारतीय दूतावास/कोंसलावास से संपर्क करने के लिए स्थापित माध्यम उपलब्ध हैं। वे दूतावास/कोंसलावास से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करके, ईमेल के माध्यम से, बहुभाषी 24x7 आपातकालीन नंबरों, व्हाट्सएप नंबर, मदद /सीपी ग्राम्स /ई माइग्रेट जैसे शिकायत निवारण पोर्टलों और सोशल मीडिया आदि के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

प्रवासी भारतीय सहायता केंद्र नई दिल्ली, दुबई, रियाद, जेद्दा और कुआलालंपुर जैसे प्रमुख स्थानों पर स्थापित किए गए हैं ताकि भारतीय नागरिकों को मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान किया जा सके। भारतीय दूतावास/कोंसलावास नियमित रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में ओपन हाउस और कोंसली शिविरों का आयोजन करते हैं ताकि ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले भारतीय नागरिकों से प्रतिक्रिया प्राप्त की जा सके और उनकी शिकायतों का समाधान किया जा सके।

विदेश स्थित भारतीय दूतावासों/कोंसलावासों में, जहाँ बड़ी संख्या में भारतीय कामगार कार्यरत हैं, श्रम मामलों के लिए समर्पित विभाग हैं। भारतीय कामगारों से कोई शिकायत या समस्या प्राप्त होने पर, दूतावास/कोंसलावास संबंधित विदेशी नियोक्ता से सक्रिय रूप से संपर्क करता है और आवश्यकता पड़ने पर पीड़ित कामगार के कार्यस्थल का दौरा भी करता है। त्वरित समाधान के लिए स्थानीय श्रम विभाग और मेजबान देश के अन्य संबंधित अधिकारियों से भी इस मामले को उठाया जाता है।

भारतीय मिशन / केंद्र अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले विदेशी विश्वविद्यालयों में नामांकित भारतीय छात्रों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखने का प्रयास करते हैं, उन्हें विदेश में अध्ययन के दौरान संभावित चुनौतियों, जोखिमों और बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी देते हैं, जिसमें समय-समय पर परामर्श जारी करना भी शामिल है। छात्रों द्वारा भ्रामक शैक्षणिक कार्यक्रमों या प्रतिकूल अनुभवों से संबंधित किसी भी शिकायत को संबंधित शैक्षणिक संस्थानों और आवश्यकता पड़ने पर मेजबान देश के अधिकारियों के समक्ष तत्काल उठाया जाता है ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। मिशन / केंद्र विशेष रूप से उन देशों में सतर्क रहते हैं जो राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट से प्रभावित हैं और जहां छात्रों के गुमराह होने या शोषण का खतरा अधिक हो सकता है।

भारतीय दूतावास/कोंसलावास भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) का उपयोग विदेशों में संकटग्रस्त भारतीय नागरिकों को आर्थिक स्थिति के आधार पर वित्तीय और कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए भी करते हैं। आईसीडब्ल्यूएफ के तहत, आवास, भारत के लिए हवाई यात्रा, कानूनी सहायता, आपातकालीन चिकित्सा देखभाल, पार्थिव शरीर को भारत लाने आदि जैसी प्रमुख सहायता/सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर प्रदान की जाती हैं।

भारत सरकार भारतीय नागरिकों के अवैध प्रवास से संबंधित मामलों पर विदेशी सरकारों के साथ समन्वय में कार्य करती है। भारत ने भारतीय कामगारों के हितों की रक्षा और उनकी शिकायतों के समय पर निवारण के लिए प्रमुख गंतव्य देशों के साथ कई द्विपक्षीय तंत्र भी स्थापित किए हैं। इनमें श्रम आवाजाही पर समझौता ज्ञापन/करार और घरेलू कामगारों पर

प्रोटोकॉल शामिल हैं, जिनमें समझौता ज्ञापन/करार /प्रोटोकॉल के प्रावधानों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए संयुक्त कार्य समूहों/संयुक्त समिति की बैठकों का प्रावधान है, साथ ही प्रवासन और आवाजाही साझेदारी करार भी शामिल हैं।

अनुबंध – I

क्र.सं.	देश का नाम	मिशन/केंद्र का नाम	श्रमिकों द्वारा श्रम शोषण या/और सुरक्षा मुद्दों के संबंध में प्राप्त/समाधान की गई शिकायतों की संख्या			
			प्राप्त शिकायतें	हल की गई शिकायतें	प्राप्त शिकायतें	हल की गई शिकायतें
			2024	2024	2025	2025
1	अल्बानिया	भारत का दूतावास, तिराना	4	4	12	12
2	अल्जीरिया	भारत का दूतावास, अल्जीयर्स	7	7	3	3
3	अंगोला	भारत का उच्चायोग, लुआंडा	8	8	8	8
4	बहरीन	भारत का दूतावास, बहरीन	603	594	345	341
5	बांग्लादेश	भारत का उच्चायोग, ढाका	0	0	1	0
6	बेलारूस	भारत का दूतावास, मिन्स्क	0	0	1	1
7	बोत्सवाना	भारत का उच्चायोग, गैबोरोन	0	0	1	1
8	कंबोडिया	भारत का दूतावास, फ्नॉम पेन्ह	208	206	355	355
9	कैमरून	भारत का उच्चायोग, याउंदे	75	75	0	0
10	क्रोएशिया	भारत का दूतावास, ज़ाग्रेब	3	3	1	1
11	कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य	भारत का दूतावास, किंशासा	50	50	33	33
12	भूमध्यरेखीय गिनी	भारत का दूतावास, मलाबो	1	1	3	3
13	एस्वातिनी	भारत का उच्चायोग, म्बाबाने	0	0	1	1
14	इथियोपिया	भारत का दूतावास, अदीस अबाबा	73	73	54	54
15	फ़िजी	भारत का उच्चायोग, सुवा	0	0	4	4
16	फ्रांस	भारत का प्रधान कोंसलावास, मार्सिले	0	0	1	1

17	गैबॉन	भारत का उच्चायोग, लिब्रेविले	1	1	4	4
18	जर्मनी	भारत का प्रधान कोंसलावास, हैम्बर्ग	0	0	2	0
19	गुयाना	भारत का उच्चायोग, जॉर्जटाउन	0	0	11	11
20	इंडोनेशिया	भारत का दूतावास, जकार्ता	0	0	1	1
21	इंडोनेशिया	भारत का प्रधान कोंसलावास , बाली	0	0	3	0
22	ईरान	भारत का दूतावास, तेहरान	45	45	15	12
23	इराक	भारत का दूतावास, बगदाद	0	0	158	158
24	इराक	भारत का प्रधान कोंसलावास, एरबिल	0	0	6	6
25	जमैका	भारत का उच्चायोग, किंग्स्टन	1	1	1	1
26	कुवैत	भारत का दूतावास, कुवैत	3728	2055	4081	2608
27	किर्गिस्तान	भारत का दूतावास, बिश्केक	90	90	105	105
28	लाओ पीडीआर	भारत का दूतावास, वियंतियाने	590	560	1477	1487
29	लातविया	भारत का दूतावास, रीगा	0	0	6	0
30	लाइबेरिया	भारत का दूतावास, मोनरोविया	3	3	5	5
31	मलावी	भारत का उच्चायोग, लिलोंग्वे	0	0	1	1
32	मलेशिया	भारत का उच्चायोग, कुआलालंपुर	2794	2794	2532	2532
33	मालदीव	भारत का उच्चायोग, माले	1190	1190	913	913
34	मॉरिटानिया	भारत का दूतावास, नुआकशॉट	0	0	1	1
35	मॉरीशस	भारत का उच्चायोग, पोर्ट लुई	5	5	2	2
36	मोजांबिक	भारत का उच्चायोग, मापुटो	1	1	2	2

37	नाइजीरिया	भारत का सहायक उच्चायोग, लागोस	1	1	1	1
38	ओमान	भारत का दूतावास, मस्कट	3114	3035	2345	2241
39	कतर	भारत का दूतावास, दोहा	179	0	186	0
40	गिनी गणराज्य	भारत का दूतावास, कोनाक्री	0	0	19	19
41	रोमानिया	भारत का दूतावास, बुखारेस्ट	5	5	10	10
42	रूस	भारत का दूतावास, मॉस्को	48	48	69	69
43	रूस	भारत का प्रधान कोंसलावास, सेंट पीटर्सबर्ग	1	1	5	5
44	सऊदी अरब	भारत का दूतावास, रियाद	2223	1999	2198	1660
45	सऊदी अरब	भारत का प्रधान कोंसलावास, जेद्दा	630	615	679	665
46	सेनेगल	भारत का दूतावास, डकार	1	1	10	10
47	सर्बिया	भारत का दूतावास, बेलग्रेड	12	12	34	34
48	सेशेल्स	भारत का उच्चायोग, विक्टोरिया, माहे	42	42	46	46
49	सिएरा लियोन	भारत का दूतावास, फ्रीटाउन	18	18	27	27
50	सिंगापुर	भारत का उच्चायोग, सिंगापुर	8	8	20	20
51	स्लोवाकिया	भारत का दूतावास, ब्रातिस्लावा	10	10	28	28
52	स्लोवेनिया	भारत का दूतावास, ल्युब्ल्याना	3	3	1	1
53	दक्षिण सूडान	भारत का दूतावास, जुबा	3	2	3	2
54	श्रीलंका	भारत का सहायक उच्चायोग, कैंडी	0	0	2	2
55	तंजानिया	भारत का उच्चायोग, दार-एस-सलाम	3	3	4	4
56	तंजानिया	भारत का प्रधान कोंसलावास, ज़ांज़ीबार	1	1	0	0
57	थाईलैंड	भारत का दूतावास, बैंकॉक	7	7	0	0

58	ट्यूनीशिया	भारत का दूतावास, ट्यूनिस	1	1	48	48
59	संयुक्त अरब अमीरात	भारत का दूतावास, अबू धाबी	387	387	411	411
60	संयुक्त अरब अमीरात	भारत का प्रधान कोंसलावास, दुबई	3030	2891	3727	3309
61	युगांडा	भारत का उच्चायोग, कंपाला	7	6	3	2
62	यूनाइटेड किंगडम	भारत का प्रधान कोंसलावास, एडिनबर्ग	0	0	1	1
63	यूनाइटेड किंगडम	भारत का प्रधान कोंसलावास, बेलफास्ट	0	0	1	1
64	अमेरिका	भारत का प्रधान कोंसलावास, अटलांटा	0	0	1	0
65	उज़्बेकिस्तान	भारत का दूतावास, ताशकंद	2000	2000	1500	1500
66	वियतनाम	भारत का प्रधान कोंसलावास, हो ची मिन्ह सिटी	0	0	0	3
67	जाम्बिया	भारत का उच्चायोग, लुसाका	12	11	9	8
68	कंबोडिया	भारत का दूतावास, फ्नॉम पेन्ह	208	206	355	355

अनुबंध – II

क्र.सं.	देश का नाम	मिशन/केंद्र का नाम	भारतीय छात्रों द्वारा शोषण या/और सुरक्षा मुद्दों के संबंध में प्राप्त/समाधान की गई शिकायतों की संख्या			
			प्राप्त शिकायतें	हल की गई शिकायतें	प्राप्त शिकायतें	हल की गई शिकायतें
			2024	2024	2025	2025
1	ऑस्ट्रेलिया	भारत का प्रधान कोंसलावास, मेलबर्न	0	0	1	1
2	जर्मनी	भारत का प्रधान कोंसलावास, म्यूनिख	2	2	1	1
3	किर्गिस्तान	भारत का दूतावास, बिश्केक	5	5	14	14
4	लातविया	भारत का दूतावास, रीगा	0	0	5	5
5	नेपाल	भारत का प्रधान कोंसलावास, बीरगंज	7	7	0	0
6	रूस	भारत का दूतावास, मॉस्को	2	2	7	7
7	रूस	भारत का प्रधान कोंसलावास, सेंट पीटर्सबर्ग	2	2	5	5
8	सिंगापुर	भारत का उच्चायोग, सिंगापुर	36	36	49	49
9	दक्षिण अफ्रीका	भारत का प्रधान कोंसलावास, केप टाउन	0	0	5	5
10	तंजानिया	भारत का प्रधान कोंसलावास, ज़ांज़ीबार	0	0	2	2
11	अमेरिका	भारत का प्रधान कोंसलावास, अटलांटा	4	4	2	2
12	अमेरिका	भारत का प्रधान कोंसलावास, ह्यूस्टन	2	2	1	0
13	अमेरिका	भारत का प्रधान कोंसलावास, सिएटल	0	0	1	1

*****